तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025

02 ठाकुर जोहारनी तिहार के लिए मुख्यमंत्री ...



04 सरंगपाल के 3 नाबालिग बच्चों के अपरहण से गांव में ...





## अपराध: हत्या को आत्महत्या बनाने की कोशिश, अंधेकत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुझाई

# मर्दापोटी हत्याकांड का षड्यंत्र उजागर मां की हत्या के आरोप में बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- माँ से लगातार विवाद के चलते छोटे बेटे ने डंडे से पीटकर की हत्या
- हत्या करके साड़ी के फांसी के फंदे पर शव को लटकाया, आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की
- आरोपी से हत्या में उपयोग में लाए डंडा एवं अन्य सामान को किया जब्त

मर्दापोटी में नवाखाई के दिन द्रोपती सलाम अपने घर में मृत अवस्था में है, इसकी जानकारी ग्राम के सरपंच ने मृतिका के परिजनों को दिया। मृतिका के परिजन ने इसकी जानकारी सरपंच के साथ थाना पहुँचकर पुलिस को दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फारेंसिक टीम के साथ पूरे साक्ष्य को एकत्र किया। विवेचना में पुलिस को सुराग मिला कि हत्या की घटना को अंजाम छोटे बेटे ने दिया। पुलिस ने छोटे बेटे पर नजर रखी और उसकी संदिग्ध गतिविधियों से स्पष्ट हो गया कि हत्या छोटे बेटे ने किया। पुलिस ने छोटे बेटे को गिरफतार करके पूछताछ किया, कुछ देर इधर उधर की बात किया, अंत में हत्या करना स्वीकार कर लिया।

जानकारी के अनुसार मरदापोटी निवासी 40 वर्षीय दिनेश सलाम पिता जय सिंग सलाम ने थाना आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि 1 सितंबर को सायं 7 बजे ग्राम सरपंच राजेश भास्कर फोन कर बताया कि द्रोपती सलाम अपने घर में मृत अवस्था में पड़ी है, तब मैं गांव के सरपंच, कोटवार एवं अन्य ग्रामीणो के साथ घर के अंदर जाकर देखा, मेरी चाची घर परछी में मृत हालत में पड़ी थी, उनके माथा में चोट का निशान था और जमीन में खून फैला हुआ था। उसकी चाची की मौत अज्ञात कारण से हुआ है कि रिपोर्ट पर थाना कांकेर के मर्ग क्रमाक 132/25 धारा 194 बीएनएसएस की कायमी पश्चात जांच दौरान मृतिका द्रोपति सलाम पति स्व. जयराम सलाम उम्र 45 वर्ष निवासी मरदापोटी के शव पचनामा कार्यवाही पश्चात शव का पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में मृतिका द्रोपति सलाम की मृत्यु हत्या प्रकृति का होना लेख किया गया। अज्ञात आरोपी का कृत्य अपराध धारा 103 (1) बीएनएस का पाए जाने पर हत्या का मामला दर्ज किया गया।



विवेचना कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल एवं एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम गठित कर अंधेकत्ल का शीघ्र खुलासा करने निर्देशित किया । एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा द्वारा घटना स्थल पहुंचकर कर वस्तुस्तिथि का जायजा एवं घटनास्थल का मुआयना कर टीम को निर्देश दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर ग्रामिणों, परिजनों से गहन पूछताछ के दौरान एवं मौके पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर छोटे बेटे के प्रति संदेह होना पाया गया। संदेही अनू सलाम पिता स्व. जयराम सलाम उम्र 21 वर्ष निवासी मरदापोटी थाना जिला कांकेर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर प्रारम्भ में पुलिस को बहुत अधिक गुमराह करते रहा, परंतु अंततः अपराध घटित करना स्वीकार किया।

### गला दबाकर की हत्या

आरोपी छोटे बेटे ने पूछताछ पर पुलिस को बताया कि वह अपनी मां को नवाखाई खाने अपने बड़े पिता के घर नहीं जाने के नाम पर झगड़ा-बहस होने से एवं पूर्व में लगातार होते रहे झगड़े के कारण गुस्से में आकर आरोपी अनु सलाम अपनी मां के सिर में लकड़ी से वारकर एवं साड़ी से गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया।

### आरोपी को भेजा गया जेल

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान पूरी जानकारी मिलने एवं गवाहों की उपस्थिति में सबूत को एकत्र करके 5 सितंबर को गिरफ्तार किया गया और इसकी जानकारी उसके परिजनों को दिया गया। आरोपी के पास से डंडा को भी जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### कार्रवाई टीम में रहे शामिल

मामले की जाँच और कार्यवाही में कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर, सायबर प्रभारी निरीक्षक राम कुमार साव, उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, सउनि भुनेश्वरी भगत, प्रआर ओप्रकाश कृषान, आरक्षक शैलेन्द्र शोरी, शक्ति सिंह, बीरबल कोड़ोपी की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### भंसुली की छात्राओं को मिली सायकिल



**कांकेर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भंसुली के छात्राओं को सरस्वती सायकिल योजना के तहत सायकिल का वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहें और उन्होने कहा कि यह योजना न केवल बच्चों को शिक्षा की राह पर आगे बढ़ने में सहायक है, बल्कि उनमें आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास भी जगाती है। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह साइकिलें विद्यालय तक पहुँचने का साधन ही नहीं, बल्कि उनके उज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। हमारी सरकार लगातार यह प्रयास कर रही है कि हर बच्चे तक शिक्षा सहज और सरल रूप में पहुँचे। आज बच्चों की मुस्कुराहट और उनके सपनों की चमक देखकर यह महसूस हुआ कि शिक्षा ही सच्चे विकास की कुंजी है।

### महेंद्रपुर में मनाया गया शिक्षक दिवस



**दुर्गूकोंदल।** प्राथमिक माध्यमिक शाला महेंद्रपुर में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर उन्हें याद करते हुए दीप प्रज्वलन किया और केक काटकर उनकी महान शिक्षकीय विरासत को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, गीत, और नृत्य जैसी प्रस्तुतियां दीं, जो पूर्व राष्ट्रपति के जीवन, शिक्षा के प्रति उनके योगदान और उनके आदर्शों से प्रेरित थीं। शिक्षकों ने बच्चों को डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षा के महत्व पर प्रेरक बातें बताईं। यह आयोजन न केवल शिक्षकों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक था, बल्कि बच्चों के लिए नैतिकता और शिक्षा का एक महत्वपूर्ण संदेश भी था। इस मौके पर देवीलाल मंडावी, सुखूराम नेताम, लीना नेताम मौजूद थे।

### राज्य कबड्डी व वॉलीबॉल स्पर्धा का हुआ शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** हल्बा पारा चिहरो में नई उड़ान युवा क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ भानप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी के मुख्य अतिथि में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, यह अनुशासन, परिश्रम ▶▶|शेष पेज 2 पर

## कीट प्रकोप से फसल बचाने दवाइयों का छिड़काव जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

क्षेत्र के किसानों ने अपनी धान की फसल को कीटों के प्रकोप से बचाने के लिए खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया है। लगातार बारिश के कारण किसान पहले अपनी फसलों में कीटनाशक का छिड़काव नहीं कर पाए थे, जिस वजह से कीटों का प्रकोप काफी बढ़ गया था। किसानों ने बताया कि इस साल धान की फसल में तना छेदक, पत्ती लपेटक, हरे और भूरे फुदके, गंधी बग, सैनिक कीट और लाल क्रीड़ा जैसे हानिकारक कीटों का प्रकोप देखा जा रहा है। किसान रामचरण निषाद व शिसिया कोमरा ने बताया कि लगातार बारिश से उन्हें छिड़काव का मौका नहीं मिला और अब जब मौसम थोड़ा साफ हुआ है तो कीटों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इस स्थिति से निपटने के लिए किसान तुरंत अपनी फसलों पर कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को सलाह दिया है कि वे सही समय पर और सही मात्रा में कीटनाशकों का इस्तेमाल करें। उन्होंने बताया कि कीटनाशकों के गलत इस्तेमाल से फसलों और पर्यावरण दोनों को नुकसान हो सकता है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को यह भी सलाह दिया है कि वे कीटों के प्रकोप को रोकने के लिए मौसम के पूर्वानुमान पर नजर रखें, कृषि विशेषज्ञों के परामर्श से ही अपनी फसल का उपचार कर सही समय पर छिड़काव की योजना बनाएं।

## कार सहित पांच किलो गांजा किया जब्त, तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- भानुप्रतापपुर पुलिस को मिली सफलता
- आरोपी इरपानार निवासी, जब्त गांजा 50 हजार का

गांजा की तस्करी करने वाले गांजा तस्कर इरपानार बाजारपारा निवासी 34 वर्षीय सुजीत साहा पिता शंकर साहा को सवा 5 किलो गांजा के साथ भानुप्रतापपुर पुलिस को पकड़ने में सफलता मिली। आरोपी के पास से मिले गांजा की कीमत लगभग 50 हजार रूपएं एवं कार की कीमत लगभग सात से आठ लाख रूपएं है। भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली, उसी के तहत एक चार पहिया वाहन कार क्रमांक सीजी 19 बीटी 2715 को खंडी नदी के पास रोका। रूटीन गश्त करने वाली टीम ने वाहन को जाँच किया, उसमें गांजा की बदबू आने पर वाहन और वाहन में सवार व्यक्ति को थाने लाया गया। आरोपी सुजीत साहा के कब्जे से कुल 5.290 किलो ग्राम गांजा कीमत लगभग 50 हजार रूपएं व एक कार क्रमांक सीजी 19 बीटी 2715 जिसकी कीमत लगभग 8 लाख रूपएं को बरामद किया गया। आरोपी बांदे थानांतर्गत ग्राम इरपानार बाजारपारा निवासी 34 वर्षीय सुजीत साहा पिता शंकर साहा के विरूद्ध थाना भानुप्रतापपुर में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शराबियों, नशेड़ी, गजेड़ियो, अवैध शराब बिक्री, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर सतत निगरानी रखने एवं जुआ-सट्टा पर आवश्यक कार्यवाही कर शहर में निरन्तर पुलिसिंग गस्त कार्यवाही कर असमाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना भानुप्रतापपुर द्वारा लगातार नागरिकों से संपर्क स्थापित कर शहर में गस्त के दौरान वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा।



गांजा के आरोपी को कार्यवाही में थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर निरीक्षक रामेश्वर देशमुख के नेतृत्व में सउनि कैलाश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विजय कुमार कटकवार, आरक्षक टोमन साहू, प्रणय यादव की अहम भूमिका रही।

## शिक्षा के साथ संस्कार, ज्ञान और दिशा प्रदान करते हैं शिक्षक

# शिक्षक दिवस पर जिले के उत्कृष्ट शिक्षक मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जिले के 38 शिक्षकों का समारोह में किया गया सम्मान

एक शिक्षक से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति तक का सफर करने वाले डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस मनाया जाता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के 38 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत 03 शिक्षक को ज्ञानदीप पुरस्कार तथा 21 शिक्षक शिक्षादूत पुरस्कार और 07 उत्कृष्ट प्रधान पाठक माध्यमिक ▶▶|शेष पेज 2 पर



### ज्ञानदीप पुरूस्कार से सम्मानित

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना के तहत तीन शिक्षकों को ज्ञानदीप पुरूस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें विकासखंड नरहरपुर से माशा देवडोंगर के शिक्षक संतराम ठाकुर, विकासखंड नरहरपुर के पूर्व माशा बाहनापानी के शिक्षक कुंदन लाल साहू और विकासखंड चारामा के पूर्व माशाला बासनवाही के शिक्षक हरिश्चंद्र साहू शामिल है। अतिथियों ने तीनों शिक्षकों को 7 हजार रूपएं राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय कैम्प के लिए उप सरपंच पूरन का चयन



**जगदलपुर।** जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप का चयन कार्यक्रम द गुड पॉलिटिशियन 2025 के लिए हुआ है। आगामी 11 से 21 सितंबर तक दिल्ली और राजस्थान में आयोजित होने वाले इस 11 दिवसीय आवासीय कैम्प में देशभर से चुनिंदा युवा नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इस वर्ष 920 से अधिक आवेदनों में से पूरन सिंह कश्यप का चयन हुआ है। चयन के मानदंडों में पारदर्शिता, ईमानदारी, सामाजिक सक्रियता और जनहित के मुद्दों पर कार्य करने की निरंतरता को प्रमुखता दी गई। बूट कैम्प के दौरान प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक मूल्यों, सार्वजनिक नेतृत्व, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि पर कहा यह चयन सम्मान की बात है। बस्तर की जनता और अपने समाज की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर रखने तथा उनके समाधान खोजने का प्रयास करूंगा। वे वर्तमान में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि के छात्र हैं। पढ़ाई के साथ-साथ वे छात्रों की समस्याओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मांग और कॉलेज स्तर पर युवाओं की नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए प्रयासरत हैं। ग्राम पंचायत के लोगों का कहना है कि पूरन सिंह कश्यप हमेशा जनहित को प्राथमिकता देते आए हैं। चाहे पंचायत स्तर पर सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं हों या फिर युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा की पहल, उन्होंने हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभाई है। जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने कहा अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नेतृत्व क्षमता को निखारने का अवसर मिलेगा।

### नगरपालिका के आठ कॉम्प्लेक्स की हुई नीलामी, 50 लाख की आय



**कोण्डागांव।** नगर पालिका परिषद में परिषद मद से मटन मार्केट में आठ कॉम्प्लेक्स बनाया गया है, जिसकी नीलामी गुरुवार को नगर पालिका में रखी गयी। नीलामी में 36 बोलीदारों ने भाग लिया और आठ दुकान की नीलामी की गई। जिसमें नगर पालिका को 50 लाख रुपए की आय प्राप्त हुई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, पार्षद संतोष पात्र, हर्ष ढिल्लन, सुषमा, सोनमणि, ललित देवांगन, सोनसिंह तथा सीएमओ दिनेश डे एवं अधिकारी कर्मचारी सहित नगरवासी भी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत हुए एवं वर्तमान शिक्षकों का किया सम्मान



**फरसगांव।** नगर के बाजारपारा स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर भूतपूर्व छात्रसंघ द्वारा शिक्षक दिवस एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में पूर्व छात्रों द्वारा नगर के सेवानिवृत्त हुए शिक्षक नागवंशी, महेंद्र पांडे, दीपेंद्र मसीह, रावटे, भारद्वाज, रेखा जायसवाल के साथ वर्तमान में पदस्थ शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस भी को शाल, श्रीफल के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों को भूतपूर्व छात्रसंघ के लोगों ने शिक्षक दिवस की बधाई दी। भूतपूर्व छात्रसंघ के लोग अपने भूतपूर्व शिक्षकों को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित व खुश एवं भावुक हुए। सभी लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और पालक संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# तालाब परिसर में भंडारित रेत को किया गया किनारे, एक साइड करके बनाया गया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के भीमा तालाब परिसर सौंदर्यकरण का कार्य चल रहा है, हालांकि अभी बारिश के चलते करीब डेढ़ महीने से निर्माण कार्य बंद है। लेकिन वही संबंधित ठेकेदार द्वारा भीमा तालाब परिसर में बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण करके रखा गया है। रेत के भंडार से गणेश समितियों ने भगवान गणेश के विसर्जन करने में परेशानी होती। तालाब परिसर में ठेकेदार द्वारा रेत के भंडार करने की खबर को 30 अगस्त को हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। वही विधायक ने भी रेत हटाने नगर पंचायत सीएमओ को निर्देश भी दिए। जिसके एक सप्ताह बाद शुक्रवार को तालाब परिसर में रखे रेत को एक साइड किया गया। शाम 7 बजे तक रेत को परिसर से पूरी तरह नहीं हटाया गया है। बीच से जाने के लिए रास्ता बना दिया गया। जबकि रेत को किसी भी एक साइड करना था, लेकिन दो साइड रख कर बीच से रास्ता बना दिए है। नगर के गणेश समितियों द्वारा एक साथ विसर्जन के लिए आते है,जिससे भीड़ बढ़ जाता है, एक साथ कई वाहन आते हैं, कई बार जाम की स्थित बन जाती है। इस वर्ष तो तालाब परिसर रेत रखने से जगह की कमी होगी, ऐसे में विसर्जन में परेशानी होगी। नगरवासियों का यह कहना है कि रेत को एक किनारे किया गया लेकिन अभी भी विसर्जन में परेशानी हो सकती है। जिम्मेदार अधिकारी को परिसर से पूरी तरह रेत को हटवाना था। किसी भी एक किनारे रखने से विसर्जन ने आसानी होगी ।

**समितियों ने विसर्जन के दौरान परेशानी होने की बातें कहीं थीं**




तालाब परिसर में रेत का भंडारण बना विसर्जन में बाधा, विधायक ने दिए हटाने के निर्देश

खबर का असर

## विकासखंड नरहरपुर में 14 को आयोजित किया जाएगा ठाकुर जोहारनी पर्व

# ठाकुर जोहारनी तिहार के लिए मुख्यमंत्री को विधायक के साथ समाजजनों ने दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर में ब्लॉक स्तरीय ठाकुर जोहारनी पर्व का आयोजन 14 सितंबर को रखा गया है। विधायक आशाराम नेताम के नेतृत्व में समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात किया और ठाकुर जोहरानी पर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, वहीं सीएम ने आमंत्रण को स्वीकार करते हुए शामिल होने की स्वीकृति दिया।

- आमंत्रण को मुख्यमंत्री ने सहर्ष दी स्वीकृति

नरहरपुर में विकासखंड स्तरीय आयोजन में समाज के लोगों ने तय किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया जाएगा। समाज के लोगों ने विधायक आशाराम नेताम से संपर्क किया। विधायक ने भी समाज के लोगों की भावनाओं को देखते अगले ही दिन मुख्यमंत्री से मिलने समय लिया। विकासखंड नरहरपुर से आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल को लेकर विधायक रायपुर पहुंचे। सीएम हाऊस में प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल का क्षेत्र में बारिश तथा फसल को लेकर चर्चा किया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि इस वर्ष उनके क्षेत्र में बारिश संतोषप्रद हो रही है और फसल भी अच्छी होने की संभावना है। शासन की योजनाओं को लेकर औपचारिक चर्चा के बाद प्रतिनिधि मंडल ने 14 सितंबर को ठाकुर जोहारनी के विकासखंड स्तरीय आयोजन की जानकारी देते उसमें आने मुख्यमंत्रों को निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने नरहरपुर के आदिवासी समाज का आमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया तथा कार्यक्रम में शरीक होने सहमति दी।



### प्रतिनिधिमंडल में यह रहे शामिल

प्रतिनिधि मंडल में पवन नेताम, गणेश कोड़ोपी, सगेसिंह वट्टी, कपूरचंद कुंजाम, डमरूधर मांझी, सुकलाल शोरी, बिसरूराम मंडावी, रामनाथ शोरी, प्रताप भास्कर, रामजी नेताम, मयाराम नरेटी, नरेंद्र नेताम, रोहिदास शोरी, मिथिलेश शोरी, शेखर उईके, संतराम नेताम, सोमसिंह कुंजाम, रवि मरकाम शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री ने किया ठाकुर जोहारनी में आने का वादा

विधायक आशाराम नेताम ने कहा क्षेत्र की जनता चाहती है कि उनके प्रमुख पर्व ठाकुर जोहारनी के विकासखंड स्तरीय आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हो। जनभावनाओं को देखते प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से मुख्यमंत्री को निमंत्रण दिया गया। मुख्यमंत्री ने निमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया तथा कार्यक्रम में आने का वादा किया है।

# हांकेर के शिक्षक दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने गुरुओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हांकेर में बड़े धूमधाम से बच्चों के द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के द्वारा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किशोर हावलादार के आदेशानुसार किया गया, जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर मलार्पण कर धूपबत्ती से आरती वंदना किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किया।

शाला के प्राचार्य गोपाल चंद्र दास एवं व्याख्याता कृष्णेन्दु आईच, सौरभ सोनी घनश्याम सोरी, संभित लाल दास, बलाई मिस्त्री दिवस पाल आदि ने विद्यार्थियों को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिए शिक्षक दिवस की महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देना नहीं होता बल्कि शिक्षक अपनी जीवन रूपी किताब से विद्यार्थियों के भविष्य को आलोकित करते हैं तथा उन्हें सही मायने में एक सबल चरित्रवान राष्ट्र प्रेमी नागरिक के रूप में जीवन जीना सिखाते हैं। अपने शिक्षा दान के बदले में उन्हें विद्यार्थियों से बस इतनी प्रतिफल की आशा रखते हैं कि वह अपने मां-बाप गुरु शिक्षक के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाएं। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने गुलदस्ता श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सभी शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य के द्वारा विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों एवं शिक्षक गणों का योगदान रहा।

# शिक्षक दिवस पर शिक्षिकों का किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पाऊरखेड़ा और ग्रामवासियों के द्वारा 5 सितंबर को प्राशा एवं माशा पाऊरखेड़ा और प्राशा वाटिनटोला में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक सुलोचना सोम, शिक्षिका सुभद्रा नरेटी, प्रधान आध्यपक सुंदर लाल चुरेंद्र, संकुल समन्वय रामचन्द्र दुग्गा, सहायक शिक्षक बिरसू राम नरेटी, हेमलाल पुडो, पवन कुमार गोटी, प्रधान पाठक राजेश कुमार नेताम, सहायक शिक्षक दिलीप कुमार साहू को सम्मानित किया गया।

सरपंच तुलसीराम मातलाम ने कहा शिक्षक समाज का सच्चा सेवक है जो समाज को शिक्षित करता है। शिक्षकों से मिले शिक्षा से ही समाज का नागरिक शिक्षित कहलाता है। शिक्षक और शिक्षा के बिना मानव समाज अंधकार हो जाएगा, इसलिए हर नागरिक और हर मां बाप, बच्चे को शिक्षा का महत्व समझना चाहिए। वर्तमान समय शिक्षा का है, इसलिए पालक और बच्चे भी शिक्षक मार्गदर्शन को मानकर चलें। बच्चे शिक्षा से चूक गए। मतलब समझ जायें कि भविष्य अंधकारमय है। शिक्षकों का सम्मान शिक्षक दिवस पर ही नहीं, हर समय होनी चाहिए। स्कूलों के बच्चे कल के हमारे भविष्य हैं, आप सभी खूब पढ़ो और गांव से लेकर देश भर अपना नाम ऊंचा करो। शिक्षा के कहीं बाहर भटकने की जरूरत नहीं है। सरकार सबकुछ प्रबंध किया आप स्कूल में पढ़कर अपना भविष्य गढ़ सकते हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम प्रमुख एवं पालक उपसरपंच रामजीराम पुडो, ग्राम गायता सिंगलूराम ध्रुव, शाला समिति के अध्यक्ष राजाराम पुडो, विष्णु प्रसाद पटेल, जयलाल ध्रुव, लालसाय ध्रुव, चम्पा लाल टांडिया, संजय कुमार टांडिया, दिलीप कुमार उसेंडी, कलेश कुमार टांडिया, क्षितिज कुमार कल्लो, रुपेश कुमार टांडिया, सदाराम वट्टी, अगनूराम यादव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पैराडाइज स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया विद्यार्थियों ने रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**कांकेर।** राष्ट्र निर्माता एवं सारे संसार को शिक्षित करने वाले शिक्षकों के सम्मान मे 5 सितम्बर को पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में शिक्षक एवं बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया, क्योंकि वे भी एक समय में आदर्श शिक्षक थे।

शिक्षक दिवस के इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा ग्याहरवीं से छात्र अनिकेत देवांगन भाषण प्रस्तुत किया, कक्षा बारहवीं से शुभांशी गुप्ता शिक्षकों के प्रति उत्साहपूर्वक अपने शिक्षको को आभार व्यक्त करते किए। शिक्षक दिवस के अवसर पर नर्सरी से बारहवीं के सभी छात्र-छात्राएं प्रार्थना सभा में अपने सभी शिक्षकों का अभिवादन करते हुये आशीर्वाद प्राप्त किए। हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी कक्षाओं के छात्रों ने शिक्षकों को तिलक वंदन कर श्रीफल भेंट कर सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर फाउंडेशन कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राचार्य रश्मि रजक ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की शिक्षक न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास में बल्कि हमारे समाज के ढांचे को आकार देने में भी महत्पूर्ण भूमिका निभाते है। वे चरित्र, नैतिकता और सपनों के बीज बोते हैं। वे धैर्यपूर्वक इन बीजों को सींचते है उनका पालन-पोषण करते हैं और उन्हें विशाल वृक्षों के रूप में विकसित होते हुए देखते है जो राष्ट्र का नेतृत्व करते हैं। अंत में सभी शिक्षकों व स्कूल स्टॉफ को सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षक उपस्थित रहें।



# 3 माह से नहीं मिली मजदूरी, तेंदूपत्ता संग्राहक हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल।

वन परिक्षेत्र दुर्गुकोंदल के 1038 संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक राशि तीन महिने बाद भी नहीं मिली है। संग्राहक लगातार समिति प्रबंधक, पोषक अधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं एसडीओ से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन अब पारिश्रमिक राशि भुगतान नहीं किया जा रहा है।

वन परिक्षेत्र दुर्गुकोंदल अन्तर्गत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति हाटकोंदल 349, करकापाल 7, चिखली 3, दुर्गूकोंदल 215, लोहत्तर 72, कोड़ेकुर्से 49, कोंडे 69, कोदापाखा 33, पेड़ावारी 40, दमकसा 98, मेड़ो 42, गोंड़पाल 35 तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक भुगतना नहीं हुआ है। इस तरह कुल 1038 संग्राहक पारिश्रमिक राशि का भुगतान पाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। जिला यूनियन पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर उपाध्यक्ष कुबेर दर्रो, संचालक सदस्य जगतराम दुग्गा व हल्बा समाज जिला सचिव तेजकुमार पिस्दा ने कहा कि वन परिक्षेत्र दुर्गुकोंदल के कुल 1038 संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का भुगतान नहीं हुआ है। पारिश्रमिक राशि के लिए परिवार के मुखिया 3 महिने से भटक रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन के वन विभाग भी पारिश्रमिक राशि भुगतान को लेकर ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे हालात में संग्राहक आखिर कहां जाएंगे। पहले संग्राहकों नगद भुगतान एवं चेक के माध्यम से भी हुई। इस समय आनलाईन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर शासन व वन विभाग ने पेंचिदा बना दिया है। यदि संग्राहकों की कुछ खामियां हैं, तो तत्काल त्रुटि सुधार कराकर भुगतान कराई जाए अन्यथा भुगतान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

पेज 3 के शेष...

### शिक्षक दिवस पर...

स्तर एवं 07 उत्कृष्ट प्रधान पाठक प्राथमिक स्तर से सम्मानित किए गए। इसके अलावा सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं रजत जयंती महोत्वस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक भी पुरस्कृत किए गए। सम्मान समारोह का आयोजन शहर के न्यू कम्युनिटी हॉल में किया गया, जहाँ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद भोजराज नाग ने कहा कि माता-पिता के बाद सबसे बड़ा दर्जा शिक्षक को प्राप्त है क्योंकि शिक्षक ही विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, ज्ञान और दिशा प्रदान करते हैं। हमारी परंपरा के अनुसार गुरू को भगवान से ऊपर माना गया है। समाज के निर्माण में शिक्षकों का बड़ा योगदान होता है। समारोह की अध्यक्षता विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। समाज और शिक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। आज का यह सम्मान समारोह उन शिक्षकों के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव का प्रमाण है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने का कार्य किया है। कार्यक्रम को मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा एवं हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी और जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने भी संबोधित किया। रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के 25 उत्कृष्ट शिक्षकों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, स्थानीय प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण, गणमान्य नागरिक, पार्षदगण तथा छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

**माध्यमिक स्तर के उत्कृष्ट प्रधानपाठक से सम्मानित-** मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना के तहत माध्यमिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रधान पाठक का सम्मान विकासखंड कांकेर के शाउमावि अर्जुनी सतरूपा मंडावी, विकासखंड नरहरपुर के शापूर्व माशाला बिरनपुर यमुना प्रसाद रणबांकला, विकासखंड चारामा के शामा शाला चांवड़ी गुलराज शर्मा, विकासखंड भानुप्रतापपुर शामा शाला बैजनपुरी दशराम हिड़को, विकासखंड दुर्गूकोंदल शापूर्व माशाला डांगरा कतला नरेटी, विकासखंड अंतागढ़ शा कन्या माशा अंतागढ़ रामेश्वर नाग, विकासखंड कोयलीबेड़ा शा पूर्व माशा पीव्ही निहार चंद्र विश्वास को मिला।

**प्राथमिक स्तर के उत्कृष्ट प्रधानपाठक से सम्मानित-** मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना के तहत प्राथमिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रधान पाठक का सम्मान विकासखंड कांकेर के प्राथमिक शाला माटवाड़ा लाल पूर्णिमा गेड़ाम, विकासखंड नरहरपुर के प्राथमिक शाला सोनपुर पूनम सलाम, विकासखंड चारामा के प्राथमिक शाला चारामा नाकापारा सुनीता बाल्मीकि, विकासखंड भानुप्रतापपुर प्राथमिक शाला नयापारा कुर्री विमल बघेल, विकासखंड दुर्गूकोंदल प्राथमिक शाला हेपुरकसा बलराम भोयर, विकासखंड अंतागढ़ के प्राथमिक शाला नबड़ेतोपाल चम्पेश्वरी पटेल, विकासखंड कोयलीबेड़ा के प्राथमिक शाला सलिहापारा जिरामतरई बृजलाल उइके को मिला।

**शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित**

विकासखंड अंतागढ़ से ललिता साहू, संजय कुमार मंडावी, मुकेश फांफा, विकासखंड भानुप्रतापपुर से पवन देशलहरे, अंजली भूआर्य, दीपका देव, विकासखंड चारामा से ज्ञानेश्वरी नेताम, स्नेहलता साहू, योमन जैन, विकासखंड दूर्गुकोंदल से लक्ष्मी निषाद, दिलीप कुमार ठाकुर, अरूण कुमार कोमरा, विकासखंड कांकेर से जगदंबा कोरेटी, रामनाथ कुंजाम, दीपिका कोड़ोपी, विकासखंड कोयलीबेड़ा से अनिता मंडावी, कमलेश देवांगन, भूपेंद्र कुमार साहू, विकासखंड नरहरपुर से सुनीता शोरी, अनुसूईया सोनबेर, उर्मिला किरसाने को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

### राज्य कबड्डी...

और टीम भावना को मजबूत करता है । इस अवसर पर पंचम सिंह चुरेन्द्र पूर्व ग्राम प्रमुख, ईश्वर धनेंद्र, अशोक चुरेन्द्र ग्राम प्रमुख, कला बाई नायक, सुक्को बाई खरगिया, उपित चुरेन्द्र, मूलेश्वरी चुरेन्द्र, गोपी बधाई अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, हुमन मरकाम, सोमदेव कोरेटी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डिजिटल माध्यम से भी उद्यमी कर सकते हैं व्यापार विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमो एमएसएमई, महिला उद्यमियों, स्व सहायता समूहों एसएचजी और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल माध्यम से बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम भारत सरकार की रैम्प येजना के अंतर्गत हुआ। कार्यशाला का शुभांरभ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को डिजिटल मंचों से जोड़कर राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान दिलाई जा सकती है। कार्यशाला में ई कॉसर्स प्लेटफार्म के डायरेक्टर व सीईओ एवं अन्य डिजिटल प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों तथा राज्य परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी के प्रतिनिधियों ने व्यवसाय से व्यवसाय और व्यवसाय से उपभोक्ता के लिए विक्रेता पंजीकरण, उत्पाद सूचीकरण, प्रचार-प्रसार और डिलीवरी व्यवस्था की जानकारी दी गई। डिजीटल मार्केटिंग सत्र में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर विक्रेता पंजीकरण के साथ-साथ सोशल मीडिया और मोबाइल ऐप्स के माध्यम से कम लागत में उत्पादों की ब्रांडिंग व बिक्री बढ़ाने के सरल उपाय बताए गए। वक्ताओं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण पैकेजिंग, आकर्षक विवरण और ग्राहकों से नियमित संवाद स्थानीय उत्पादों को वैश्विक ब्रांड बनाने में सहायक होते हैं। राज्य परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी सीएसआईडीसी रायपुर के प्रतिनिधि द्वारा राज्य में चल रही रैम्प येजना की गतिविधियों जैसे उद्यमिता जागरूकता, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल विपणन और वित्तीय पहुच पर विस्तार से जानकारी दी गई। सभी सत्रों के बाद उद्यमियों के साथ सवाल-जवाब किया गया तथा उद्यमियों के शंका का समाधान भी किया गया।



## खबर संक्षेप

### महेंद्रपुर में धान खरीदी केंद्र खोलने की प्रक्रिया शुरू



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम महेंद्रपुर में लंबे समय से किसानों द्वारा नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग की जा रही थी। जनपद सदस्य दुर्गुकोंदल और दमकसा लैम्प्स अध्यक्ष पीलम नरेटी ने मांग को शासन-प्रशासन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई। गुरुवार को इस दिशा में अहम कदम उठाया गया, जब जिला खाद्य विभाग के अधिकारी और सम्बलपुर लैम्प्स के प्रबंधक ने स्थल का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के बाद किसानों के बीच उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। ग्राम आमाकड़ा, कोटपारा, पेड़ावारी, चिहरों, राऊरवाही और महेंद्रपुर सटेली के किसान अब उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही नवीन धान संग्रहण खरीदी केंद्र महेंद्रपुर में खुलने से उन्हें अपनी उपज बेचने में सहूलियत होगी। महेंद्रपुर में केंद्र स्थापित होने से क्षेत्र के किसानों को परिवहन लागत कम करने और समय की बचत जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी।

### शिखर गुवाहाटी सीसीआरटी कार्यशाला में होंगे शामिल

**कांकेर।** शासकीय उमावि कलेपरस विकासखंड अंतागढ़ के शिक्षक



शिखर सोनी का चयन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र यानी सीसीआरटी गुवाहाटी में 9 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित होने वाली कार्यशाला के लिए हुआ है। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 10 शिक्षकों का चयन किया गया है। कार्यशाला में देशभर से आए शिक्षक अपने-अपने राज्यों की संस्कृति एवं परम्पराओं की प्रस्तुति देंगे।

### अल्टरनेट फाइनेंस विषय पर कार्यशाला 9 को होगी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कांकेर द्वारा 09 सितम्बर को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन ने बताया कि यह कार्यशाला विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह, हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, वनोपज आधारित उद्यम तथा ऐसे कारीगर एवं उत्पादक जो ऑनलाइन बिक्री के इच्छुक हैं, उनके लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि आनबोर्डिंग के लिए 03 वर्ष पुरानी इकाई, जिसकी औसत वार्षिक टर्न ओवर राशि 30 करोड़ रूपए से अधिक होना चाहिए। उन्होंने जिले के एसे सभी इच्छुक उद्यमियों एवं लाभार्थियों को इस कार्यशाला में उपस्थित होने के लिए आग्रह किया गया है।

## निधन

### रौनीबाई मंडावी

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ग्राम भडारडिगी निवासी रौनीबाई मंडावी



(112) का निधन हो गया वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार 5 सितंबर शुक्रवार को गृह ग्राम भडारडिगी में किया गया, जिसमें ग्राम वासी रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वे भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष दुर्गुकोंदल धरमसिह मंडावी, पूर्व सरपंच भंडारडिग्गी प्रेम सिंह मांडवी के माताजी थी।

### अभी तक अपहरण के कारण की जानकारी नहीं मिली और सुराग भी नहीं मिला

# सरंगपाल के 3 नाबालिग बच्चों के अपरहण से गांव में फैली सनसनी, पुलिस विवेचना प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम सरंगपाल से तीन नाबालिक बच्चे का अपहरण का सनसनी मामला सामने आया है। अपहरण हुए बच्चे एक ही दिन और एक ही समय से लापता है। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए बच्चों की तालाश में जुट गई है।




#### पहला प्रकरण

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे सरंगपाल निवासी 48 वर्षीय सखाराम सलाम पिता स्व. पुन्नु राम सलाम ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी व खेती किसानी का काम करता हूं। मेरे एक बच्चा है, जिसका नाम सतीश कुमार सलाम पिता सखा राम सलाम उम्र 15 साल 10 माह 5 दिन का है, कक्षा 9 वी तक पढ़ाई कर पढ़ाई छोड़ दिया था। घर में ही रहकर छोटा मोटा काम करता है। मै और मेरी पत्नी 2 सितंबर को सुबह 9 बजें खेत मे काम करने के लिए गए थे और दोपहर 1 बजे वापिस आए। खेत से वापिस आए तब मेरा बेटा सतीश कुमार सलाम घर मे नही था। गांव मे एंव आसपास रिश्तेदारो मे पता तलाश किए, लेकिन कोई पता नही चला। मेरे नाबालिक बेटा सतीश कुमार सलाम को किसी अज्ञात व्यकित के द्वारा बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### दूसरा प्रकरण

दूसरे मामले में सरंगपाल निवासी 44 वर्षीय घुराउ राम कुंजाम पिता स्व. मंगल सिह कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मेरे दो बच्चे, एक लड़की और एक लड़का है। लडका का नाम टिकेश्वर कुंजाम पिता घुराउ राम कुंजाम उम्र 16 साल 01 माह 7 दिन है, जो कक्षा 9 वी तक पढाई कर पढाई छोड दिया था। नया खानी का त्योहार होने से पुरे परिवार के साथ 2 सितंबर को दोपहर साढ़े 12 बजे खाना खाए। बाद में सभी लोग घर मे थे दोपहर डेढ़ बजे के आसपास मेरा बेटा टिकेश्वर कुंजाम घर से निकला। काफी समय तक वापस नही आने पर हम लोग सोचे कि अपने दोस्त के पास गया होगा। शाम रात तक वापस नही आने से गांव मे एंव आसपास रिश्तेदारो व उसके दोस्तो के यह पता तलाश किए, लेकिन कोई पता नही चला। मेरे नाबालिक बेटा टिकेश्वर कुंजाम को किसी अज्ञात व्यकित के द्वारा बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया होगा कि रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### तीसरा प्रकरण

तीसरे अपहरण के मामले में सरंगपाल निवासी 41 वर्षीय संतु राम पटेल पिता बिसालू राम पटेल ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मेरे दो बेटे है। मेर बेटा टाकेश्वर कुमार पटेल पिता संन्तु राम पटेल उम्र 17 साल 08 माह 18 दिन है जो कक्षा 11 वी तक पढाई कर पढाई छोड दिया था और घर मे ही रहकर छोटा मोटा काम करता है। गांव में नया खानी त्योहर होने पर सभी एक साथ परिवार वालो के साथ थे और मेरा बड़ा भी साथ में था। कुछ देर बात दोपहर 1 बजें के आसपास मेरा बेटा टाकेश्वर कुमार पटेल घर से निकला। देर शाम तक वापस नही आने पर पड़ोसियों और रिस्तेदारों के यहां खोजबीन किया। मेरे बेटे का कही कुछ भी पता नही चला। मेरे नाबालिक बेटा टाकेश्वर कुमार पटेल को किसी अज्ञात व्यकित के द्वारा बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## जामगांव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भजनों पर नृत्यों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



सरोना के ग्राम जामगांव रंगमंच नीचेपारा में गुरुवार रात को गणेश समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के बच्चे सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनों एवं गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। कुछ बच्चों ने नाटक की प्रस्तुति दी एवं सांस्कृतिक परिवेश ड्रेस का भी आयोजन किया गया। आयोजक गणेश समिति व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर बच्चे राधा-कृष्ण, भगवान गणेश सहित विभिन्न भगवानों का वेष धरकर स्टेज पर आए। उन्होंने अपनी नृत्य की प्रस्तुति से समां बांध दिया। रंगमंच नीचेपारा द्वारा रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्थापना के दिन बच्चों के लिए मटकी फोड़ एवं दूसरे दिन कुर्सी दौड़ सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए है। आगामी कार्यक्रमों में शनिवार को जय मां सरस्वती रामधुनी नवयुवक मंडल जिला बालोद का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपसरपंच कोमल मरकाम, हरिचंद सिन्हा, राजू सुराजिया, धर्मेंद्र सुराजिया, लोकेश सिन्हा, गौरव शोरी, मनीष बघेल, दुर्गेश सिन्हा, राजेश सुराजिया, सोनू यादव, समीर यादव, मोंटू सिन्हा, ललित नेताम, दीपक चौहान, आकाश चौहान, देव सुराजिया, प्रताप यादव, भूपेन सुराजिया, प्रदुमन यादव, विपिन मरकाम, जितेन नाग, गौकरण सिन्हा, हरीश सिन्हा, देव कुमार सिन्हा, दिलीप शोरी, पुनीत मरकाम, राधे चौहान, रूपेश मरकाम, तस्वीर नाम, राजकुमार सुराजिया, पुरुषोत्तम सुराजिया, प्राची नाग, रूपेश्वरी मरकाम, सोनी चौहान, अर्चना नाग, आरुषि नाग, पल्लवी यादव, दामिनी यादव, सानू बघेल, झरना यादव, दिनेश शोरी, दुर्गेश्वरी मरकाम, सानिया यादव, रितु सिन्हा, कमितला नेताम, गणेश उत्सव समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डांस देखकर लौट रहे युवक व युवती से मारपीट, 10 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ पीड़िता ने थाना नरहरपुर में शिकायत दर्ज करायी

रिसेवाड़ा से डीजे डांस देखकर वापिस अपने घर आने के दौरान सिहारीनाला के कुछ युवको ने युवती के साथ छेड़छाड़ कर पीड़िता व उसके दोस्त के साथ मारपीट किया। आधी रात को पीड़िता और उसके दोस्त को गांव के स्कूल पास ले गए और दोनो को जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने थाना नरहरपुर में शिकायत दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया और दस युवक को गिरफ्तार किया गया।

नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे प्रर्थियाँ ने पुलिस को बताया था कि 1 सितंबर की रात को डीजे डॉस देखने के लिए अपने दोस्त के साथ भर्रीपारा रिसेवाड़ा गए थे। डीजे डांस देखकर वापिस अपने दोस्त के साथ रात करीबन 12 से 1 बजे अपने घर सिहारीनाला पहुँचे थे। घर के अंदर जा रही थी, तभी गांव के विवेक शोरी, सोहराब शोरी, राकेश मंडावी, मनीष शोरी, शिव नेताम, विजय नेताम, दीपक शोरी, अरविन्द कुंजाम, पवन शोरी व अन्य लड़के एक राय होकर मेरे दोस्त के साथ लड़ाई झगड़ा करने लगे। तब मै उन लोगो को लड़ाई झगड़ा करने से मना किया, परंतु मेरे साथ भी हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और बोलने लगे कि तुम लोग कैसे बाहर गए थे। मैने जवाब दिया कि यह मेरा दोस्त है। आरोपियों ने मुझे और मेरे दोस्त को सिहारीनाला मिडिल स्कूल ले गए और वहां भी गाली देते हुए हम दोनो के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। आरोपियों ने मेरे साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत किए है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 74, 75 (2), 75 (3), 296, 115 (2), 351 (3), 191 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

प्रकरण में थाना नरहरपुर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण के आरोपी 25 वर्षीय शिव शंकर नेताम पिता स्व. आनंद राम नेताम, 20 वर्षीय विवेक शोरी पिता फुलसिंग शोरी, 38 वर्षीय राकेश मंडावी पिता केशव लाल, 23 वर्षीय मनीष शोरी पिता धरमसिंह, 30 वर्षीय सोहराब शोरी पिता दशरथ शोरी, 25 वर्षीय विजय नेताम पिता पीलाराम नेताम, 27 वर्षीय अरविंद कुंजाम पिता आशाराम कुंजाम, 45 वर्षीय राजकुमार उर्फ पवन शोरी पिता स्व.राजमोहन शोरी, 38 वर्षीय दिनेश कोड़ोपी पिता धरम सिंह कोड़ोपी, 35 वर्षीय जगेश नेताम पिता स्व. जयलाल नेताम सभी निवासी सिहारीनाला को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। अरोपियों को 5 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, सहा उप निरीक्षक लोमशमुनी बैरागी, पल्टू राम मण्डावी, प्रआर सुरेश नेताम, मप्रआर योगिता साहू, आर निलेश साहू का महत्वपुर्ण योगदान रहा।

## रतनपुर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पीवी 118 रतनपुर में शिक्षक दिवस को बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में एक शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रतनपुर स्कूल में यह समारोह न केवल शिक्षकों के प्रति सम्मान का प्रतीक था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विद्यार्थी अपने शिक्षकों को कितना महत्व देते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक गीत, कविताएं और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कुछ बच्चों ने अपने शिक्षकों के जीवन पर आधारित लघु नाटिकाएं भी प्रस्तुत कीं, जिन्हें देखकर सभी भावुक हो गए। स्कूल के शिक्षकों ने इस अवसर पर डॉ. राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है और एक राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। शिक्षकों ने भी छात्रों को उनके प्रेम और सम्मान के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरा स्कूल परिसर तालियों की गड़गड़ाहट और खुशी के माहौल से गूंज रहा था। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण के साथ हुआ एवं समारोह में स्कूल के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।



## डीएमएफ की राशि का उपयोग खनिज खनन प्रभावित क्षेत्रों में खर्च करने की रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ जिला खनिज न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक में 350 करोड़ रुपए की वार्षिक कार्ययोजना का हुआ अनुमोदन



जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक में रावघाट परियोजना, अंजरेल ब्लॉक से प्राप्त राशि का नारायणपुर जिले को अंतरण तथा कांकेर जिले में पूर्व में घोषित खनन प्रभावित क्षेत्र, ग्रामों, नगरीय क्षेत्रों के निर्धारण के संबंध में चर्चा किया तथा बताया गया कि आगामी समय में खनिज प्रभावित क्षेत्रों का पुनः निर्धारण किया जाएगा। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक में वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना के लिए 350 करोड़ रूपए की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

आयोजित बैठक में सांसद भोजराज नाग ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि डीएमएफ की राशि का उपयोग खनिज प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता से किया जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम सभा की मंशा के अनुरूप कार्य स्वीकृत किए जाए। पूर्व में स्वीकृत सभी अपूर्ण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। क्षेत्र के विकास के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपना बेहतर प्रदर्शन करें। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी एवं विधायक सावित्री मंडावी ने भी विचार रखे। शासी परिषद की बैठक में उच्च प्राथमिकता के क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य एवं देखभाल, पोषण महिला एवं बाल कल्याण, कृषि एवं अन्य संबंद्ध गतिविधियां, शिक्षा पेयजल, स्वच्छता, वृद्ध एवं निःशक्तजन के कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, सतत आजीविकापार्जन, आजीविका कौशल विकास एवं रोजगार और कल्याणकारी योजनाओं के लिए 248 करोड़ 70 लाख 74 हजार रूपए के विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे सिंचाई, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण, ऊर्जा और जल विभाजक विकास, भौतिक अधोसंरचना, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, बुनियादी सेवाएं और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्देशित कोई अन्य कार्य के लिए 101 करोड़ 29 लाख 26 हजार रूपए की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा एवं हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, डीएफओ रौनक गोयल, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी सहित जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## पीएमश्री दुर्गूकोंदल शिक्षक दिवस मनाया गया व छात्रों ने शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल में 05 सितंबर को पीएमश्री सेजेस में शिक्षक दिवस बड़े की हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने दुर्गुकोंदल हायर सेकेंड्री स्कूल के सेवकाल के सम्पूर्ण सेवा समय देने वाले शिक्षक को श्रीफल एवं साल व सभी शिक्षकों को पेन भेंटकर उनका सम्मान किया गया। जनपद सदस्य विकास राजु नायक ने कहा जैसा कि हम सभी जानते हैं कि प्रत्येक 05 सितंबर को पूरे भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन सभी छात्र व शिक्षक के लिए बेहद ही खास होता है। शिक्षक ही हमारे जीवन के सबसे अहम गुरु होते हैं, जो हमें भविष्य में सही रास्ता दिखाने, मार्गदर्शन करने व जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए हमेशा प्रेरित करते हैं। शिक्षक हमारे लिए किसी भगवान से कम नहीं होते हैं। शिक्षक की हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मैं कहना चाहूंगा शिक्षक केवल हमें किताबी दुनिया से रूबरू नहीं करवाते हैं, बल्कि उनका हमारे जीवन में एक अहम भूमिका होती है। शिक्षक हमें किताबों से अलग जीवन में सकारात्मक सोच रखने व एक अच्छा इंसान बनाने का भी प्रयास करते हैं। शिक्षक की हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता दिलीप सेवता, पंकज निषाद, हरीश नागराज, हर्षल जैन, अविनाश रंगारी, मनीष कोर्राम, बंगोमारानी चक्रवर्ती, दीपा बाउल, देवकुमारी साहू, मंजू ध्रुव, प्रिया उइके सहित संस्था के शिक्षक शिक्षीकायें शाला नायक घनश्याम दुग्गा, प्रियांणी नेताम, दिग्विजय, मनीषा महाला गिरीश कुमार, सायना हिड़को, महिमा नरेटी, ओमकुमार, अर्चना सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## आत्मानंद स्कूल हरनगढ़ में शिक्षक दिवस मनाया



**पखांजुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरनगढ़ में शिक्षक दिवस पर शिक्षिकों के लिए प्रतियोगिता हुई, जिसमें कुर्सी दौड़ में शिक्षिका अंजू ध्रुव ने प्रथम स्थान हासिल किया। गुपचुप खाने की प्रतियोगिता में शिक्षक शुभम यादव ने जीत हासिल कर सभी को चौंका दिया। प्रतियोगिताओं के अलावा शिक्षकों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने एकाएक मधुर गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के योगदान का सम्मान करना और उन्हें विशेष महसूस कराना था। यह आयोजन शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच के मजबूत रिश्ते को दर्शाता है।










## शराबखोरी करते तीन को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थाना पुलिस ने 3 सितंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए तीन लोगो को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। आरोपी थानापारा पखांजुर निवासी 44 वर्षीय तप कर्मकार को पखांजुर के रंग मंच पास से पकड़ा गया। पीव्ही 46 निवासी 50 वर्षीय तपन सिकंदर को सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पखांजुर से और सत्यानंदपल्ली निवासी 52 वर्षीय दशरथ मंडल को बस स्टैण्ड पखांजुर के पास शराब का सेवन करते पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



